स्नातक प्रवेश परीक्षा सत्र 2024–25 हेतु पात्रता (Eligibility)

1. बी0ए0, बी0एस–सी0 (गणित एवं जीव विज्ञान वर्ग)/ बी0काम0 में प्रवेश हेतु

(अ) इण्टरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण/सम्मिलित विद्यार्थी ही प्रवेश परीक्षा के लिये अर्ह होंगे।

(ब) प्रवेशार्थी की आयु 01 जुलाई, 2024 को 16 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए।

(स) प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् आवंटित विषय में परिवर्तन सम्भव नहीं है। सभी पाठ्यक्रमों में शासन/विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार सीटों की संख्या घट–बढ़ सकती है।

2. बी0एस–सी0 (आनर्स) कृषि में प्रवेश हेतु–

(i) इण्टरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा कृषि अथवा विज्ञान विषय से उत्तीर्ण/सम्मिलित विद्यार्थी ही प्रवेश परीक्षा के लिये अर्ह होंगे।

(ii) प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए कोई आयु सीमा निर्धारित नहीं है जो प्रवेशार्थी 10+2 (कक्षा–12 या समकक्ष) परीक्षा उत्तीर्ण हों अथवा 2024 की बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हो, वे प्रवेश परीक्षा आवेदन हेतु अर्ह होंगे।

(iii) उत्तर प्रदेश के वाहर के राज्यों के अधिकतम 5 प्रतिशत छात्रों को श्रेष्ठता के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा।

(iv) शासन/विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार सीटों की संख्या घट–बढ़ सकती है।

नोट :– यदि अभ्यर्थी गतवर्ष में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से स्नातक कक्षाओं में प्रवेश ले चुका है और अनुत्तीर्ण हुआ है या कम उपस्थिति के कारण परीक्षा में बैठने से रोका गया है अथवा उसके विरूद्ध कालेज द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है, वे अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में बैठने के लिये अर्ह नहीं होंगे।

स्नातक स्तर पर पाठ्यक्रमवार प्रवेश हेतु उपलब्ध सीटों की संख्या

क्र0सं0	पाठ्यक्रम का नाम	स्वीकृत सीटों की संख्या + गरीब सवर्ण(10%)
1.	B.A. बी0ए0	580+ 58 = 638
2.	B.Com. बी0काम0	240 +24 = 264
3.	B.Sc. (PM) बी0एस–सी0 (पी.एम.)	420 + 42 = 462
4.	B.Sc. (BZ) बी0एस–सी0 (बी.जेड.)	420 + 42 = 462
5.	B.Sc. (Hons.) Agriculture बी0एस–सी0 (आनर्स) कृषि	150 + 15 = 165

नोट :

रोजगार परक शिक्षा के तहत कालेज में NIELIT (National Institute of Electronics & Information Technology) से मान्यता प्राप्त CCC (कोर्स आन कम्प्यूटर कन्सेप्ट्स) पाठ्यक्रम संचालित है जिसकी समय अवधि तीन माह है। इसके साथ ही DCA (डिप्लोमा इन कम्प्यूटर अप्लिकेशन), DICT (डिप्लोमा इन इन्फारमेशन कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी) तथा DIBT (डिप्लोमा इन बायो–टेक्नोलॉजी) पाठ्यक्रम संचालित है जिसकी समय अवधि क्रमशः एक–एक वर्ष का है। स्नातक स्तर के छात्र/छात्राएँ स्नातक पाठ्यक्रम के साथ–साथ इन डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं।